**जनसुनवाई** ▶ नगर निगम में आयोजित की गई जनसुनवाई में महापौर ने सुनीं शहरवासियों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

# समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी को बताई। पेयजल, सड़क, स्वच्छता, नाली, राजस्व और अतिक्रमण सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई करते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महापौर ने सभी आवेदकों की समस्या गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निराकरण के निर्देश दिए।

महापौर ने शहरवासियों से कहा कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे नगर निगम के समक्ष रखें।



उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से समस्याओं का जल्द और प्रभावी समाधान किया जा सकता है नगर निगम नागरिकों को बेहतर और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 97 आवेदकों ने अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर आशीष तिवारी के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात पूरी गंभीरता, धैर्य, संवेदनशीलता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि बारिश, रिमझिम फुहारों और तेजी से चल रहे खेती-किसानी के महत्वपूर्ण कार्य से समय निकालकर यहां पहुंचे प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को सुनें और निराकृत करें। जनसुनवाई शासन और जनता के बीच विश्वास का सबसे प्रभावी माध्यम है। यहां आने वाला प्रत्येक व्यक्ति न्याय और समाधान की आशा लेकर आता है, इसलिए सभी अधिकारी प्रत्येक आवेदन को पूरी संवेदनशीलता, जवाबदेही और गंभीरता के साथ लें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक देरी और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में सबसे अधिक आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, भूमि आवंटन, अतिक्रमण हटाने, नक्शा सुधार, अन्य राजस्व प्रकरण प्रमुख रहे। वहीं विद्युत विभाग से बिजली बिलों में त्रुटि सुधार, बंद मीटर, जर्जर और लटकते विद्युत तारों से दुर्घटना की आशंका संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पशुपालन विभाग के अंतर्गत गौशाला निर्माण, शिक्षा विभाग में छात्रावास निर्माण, समग्र आईडी को आधार से लिंक कराने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक जनहित के मामलों पर भी आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर प्राथमिकता से कार्रवाई और निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग में लंबित प्रकरणों की लगातार समीक्षा करें और यह तय करें कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत और न्याय मिले। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का तत्काल और प्रभावी समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर एडीएम नीलांबर मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## मंच से विधायक ने कहा-कटनी आज भी बड़ा कस्बा

▶ भाजपा विधायक के बयान से बढ़ी सियासी सरगर्मी

**नवभारत, कटनी।** भाजपा के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का बयान चर्चा का विषय बन गया। उन्होंने कटनी के विकास को लेकर खुलकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अपेक्षित गति से विकास नहीं होने के कारण कटनी आज भी एक बड़े कस्बे की तरह दिखाई देता है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को विवेकानंद सभागार में आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक पाठक ने कहा कि एक समय कटनी के लोग रीवा को दिहाती क्षेत्र कहकर संबोधित करते थे, लेकिन आज वही रीवा तेजी से विकसित होकर महानगर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहडोल, सतना, मंडला, डिंडोरी और सिवनी जैसे शहर भी विकास की दौड़ में आगे निकल गए हैं, जबकि कटनी अपेक्षित प्रगति नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जिले में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं, लेकिन जिस गति से कटनी को विकसित शहर बनना चाहिए था, वह गति नहीं मिल सकी। उन्होंने कटनी को आज भी बड़ा कस्बा बताते हुए कहा कि शहर के नाम पर ढंग का विकास अभी तक नहीं हो पाया है। अपने संबोधन में विधायक पाठक ने पड़ोसी जिलों का उदाहरण देते हुए संकेत दिया कि कटनी के पास संसाधनों और संभावनाओं की कोई कमी नहीं थी, लेकिन विकास की रफ्तार अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जिले के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। भाजपा के मंच से आए विधायक के इस बयान से चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### एक नजर में

## सरकारी छात्रावासों में प्रवेश के आवेदन 20 तक

**नवभारत, कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक, बालिका शासकीय छात्रावासों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए अंतिम चरण में 20 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। इस वर्ष से प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन की गई है। इसके लिए विभाग ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष होस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की है। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्गों की बालिका/बालक को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। यह ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण, प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन और पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा के लिए विकसित की गई है।

## तीन सौ पाव शराब जब्त, आरोपी को पीछा कर पकड़ा

▶ रीठी थाना क्षेत्र से की जा रही शराब की अवैध तस्करी

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन सौ पाव देशी शराब सहित एक मोपेड वाहन सहित मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना मिली थी कि दो लड़के सिल्वर रंग के मोपेड वाहन से धनिया मोड़ की ओर अवैध शराब लिए हुए जा रहे हैं सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां पर दो युवक एक मोपेड वाहन से आते हुए दिखे।

पुलिस ने दोनों युवकों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक अपना वाहन छोड़कर खेत की ओर भागने लगे। जिस पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक कुठला थाना क्षेत्र के



पहरूआ गांव निवासी समीर गौतम है, दूसरा आरोपी बलराम पाल फरार होने में सफल हो गया है। पुलिस ने तीन सौ पाव देशी शराब , मोपेड और मोबाईल जब्त किया है। कार्रवाई थाना प्रभारी मोहम्मद शहीद, एसआई दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, राम पाठक, आरक्षक शमशेर सिंह, अमन सिंह ठाकुर, आरक्षक ज्ञानेंद्र का विशेष योगदान रहा।

## आंधी-तूफान से सड़क पर गिरा 70 साल पुराना पेड़, बंद रहा आवागमन

▶ भमका और झिन्ना पिपरिया के बीच हुआ हादसा

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र में सोमवार शाम चले तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के कारण भमका और झिन्ना पिपरिया के बीच ढीमरखेड़ा-विलायतकला मुख्य मार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां करीब 70 वर्ष पुराना एक विशालकाय पेड़ अचानक भरभराकर मुख्य सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। गनीमत रही कि पेड़ गिरते समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। पेड़ गिरने की वजह से मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बस, ट्रक, कार और मोटरसाइकिलें जहां की तहां खड़ी हो गईं, जिससे सैकड़ों



राहगीर और ग्रामीण घंटों तक बीच रास्ते में फंसे रहे। सूचना मिलते ही ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी ने जनता की परेशानी को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा। उन्होंने बिना तत्काल पुलिस टीम को जेसीबी के साथ मौके के लिए रवाना किया। मूसलाधार बारिश और घने अंधेरे के बावजूद टीआई के कुशल नेतृत्व में पुलिस बल रातभर मैदान में डटा रहा। टीम में शामिल एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, प्रधान आरक्षक सुबच्चन यादव, आरक्षक दीपक सिंह, आरक्षक गंधर्व सिंह और आरक्षक कमोद कोल ने भारी बारिश के बीच कड़ी मशक्कत की। पेड़ को कटर और जेसीबी की मदद से काटकर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात पूरी तरह सुचारु हो सका। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी ने बताया कि मौसम बेहद खराब था और विजिबिलिटी भी कम थी, लेकिन हमारी पहली प्राथमिकता राहगीरों और जनता की असुविधा को दूर करना था। इसीलिए पूरी टीम विपरीत परिस्थितियों में भी तब तक मैदान में डटी रही जब तक रास्ता साफ नहीं हो गया। घंटों से फंसे वाहन चालकों और स्थानीय ग्रामीणों ने रास्ता खुलने पर राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने पुलिस के प्रति आभार जताया।

## निगरानी और आदतन अपराधियों की थाने में लगाई गई क्लास

▶ विजयराघवगढ़ पुलिस ने क्षेत्र के आदतन अपराधियों को दी हिदायद

**नवभारत, विजयराघवगढ़।** जिले के विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के आदतन और निगरानी अपराधियों की थाने में क्लास लगाई गई। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि थाने में आदतन अपराधियों के डोजीयर फॉर्म भरे गए।



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के तीन दर्जन आदतन अपराधियों, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाशों को थाने बुलाकर उनकी की दिनचर्या की जानकारी ली गई। चेकिंग के बाद आदतन अपराधियों को हिदायत दी गई कि अपराधों से दूर रहें। थाने में आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई हैं और आदतन अपराधियों के खिलाफ बाउंड ओवर कार्रवाई भी की जा रही है। अपराधियों को हिदायत दी गई कि बाउंड ओवर का उल्लंघन करने पर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा, एएसपी कमल मौर्य, विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई।

## किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए कल होगा विरोध प्रदर्शन

▶ भारतीय किसान संघ ने बैठक में की समस्याओं पर चर्चा

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील की भारतीय किसान संघ इकाई की बैठक 6 जुलाई को उमरियापान स्थित मंगल भवन में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके जल्द समाधान की मांग की गई। बैठक में किसानों ने बताया कि ढीमरखेड़ा तहसील का उड़द और मूंग खरीदी केंद्र स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम भूला में स्थानांतरित कर दिए जाने से



किसानों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा प्रति एकड़ मात्र एक क्विंटल खरीदी की सीमा, समय पर खाद उपलब्ध न होना और लगातार बिजली कटौती जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो 9 जुलाई को ढीमरखेड़ा में तहसील स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद किसान मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन को सौंपेंगे।

बैठक में तहसील अध्यक्ष श्री मिश्रा, जिला प्रमुख आयाम सतीश ज्योतिषी, आशीष, ज्ञानचंद चौरसिया, पारस पटेल, चमन काछी, रामजी ब्यौहार, बृजेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, बसंत मिश्रा, सतीश चौबे, बब्बू चौरसिया सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 152 .6 मिलीमीटर हुई बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में अब तक कुल 152.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बतादें कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 389.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 186.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 213.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 51.0, बरही तहसील में 141.8,, विजयराघवगढ़ में 133.5, बहोरीबंद तहसील में 157.7, स्लीमनाबाद में 247.4, ढीमरखेड़ा में 88.0 मिमी दर्ज की गई है।


मॉं दुर्गा हॉस्पिटल
HOSPITAL
विशेषज्ञ चिकित्सक
जनरल सर्जरी
डॉ. एल.एन. खण्डेलवाल
MBBS, MS
वीडियो दूरबीन शल्य चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना चीर फाड़ के ऑपरेशन
आयुष्मान भारत योजना एवं मेडीक्लेम के तहत
ऑपरेशन एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है।
24 घण्टे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा
नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है
जनरल लैप्रोस्कोपी (दूरबीन)
ट्रामा, कैंसर सर्जन एवं एण्डोस्कोपिस्ट
डॉ. कमल नयन लहरिया
MBBS, MS, FIAGES, FHBS, FMAS
आदर्श कॉलोनी, कटनी (म.प्र.) 483501 07622&484314, 405850
मैनेजिंग डायरेक्टर-प्रदीप मालिक (राका) E-mail: : maadurgahospital6@gmail.com

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन हमारी प्रतिबद्धता एवं पहचान है
Reg.No.23101
2026-27 ADMISSION OPEN
साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग
ANM, GNM, P.B-B.Sc., M.Sc.में सीधे प्रवेश प्रारंभ हो गये है सभी कोर्स INC से मान्यता प्राप्त है
समस्त कोर्स में प्रवेश 6 अगस्त से प्रारंभ
ANM (2 वर्षीय) | GNM (3 वर्षीय) | B.Sc. नर्सिंग (4 वर्षीय) | M.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | P.B.B.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | D.El.Ed. (2 वर्षीय)
नर्सिंग करियर की ओर एक कदम
उज्जवल भविष्य और सम्मानजनक करियर • कुशल एवं अनुभवी फैक्ल्टी • आधुनिक लैब और हॉस्पिटल ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध
राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त SC/ST/OBC/ अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा छात्रवृत्तियां
संपर्क करें 8962262200 9752414319 9425325616
श्री हॉस्पिटल, एम. एम. चौबे वार्ड, एन. एच. 7, बरगवां रोड, कटनी (म.प्र.)

किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं किड्स केयर पब्लिक स्कूल CBSE
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश शुल्क मै 50% डिस्काउंट सिर्फ 30 जून 2026 तक
न्यूनतम 10 माह की फीस
10 Months Economical Fees Structure.
Well-Experienced & Trained Faculty.
Bus Facility Available
From Classes K.G. - I to XII
CONTACT US Phone: 6261958324 WhatsApp: 7897244744 Instagram: kidscaregroupkatni Address: Tilak College Road, Katni
Kids Care Public School, Katni Shahdol Road, Pondi, Katni (M.P.) MO - 7692807777

NALANDA HIGHER SECONDARY SCHOOL
Affiliated to Madhya Pradesh Board of Secondary Education, Bhopal (M.P.)
NURSERY TO XII (ENGLISH MEDIUM) Science, Arts & Commerce
ADMISSION OPEN
FACILITIES
Comfortable Learning Environment for Students
Fully Equipped Labs.
Smart Classes.
Campus Secured with CCTV Camera's
Use of Modern Resources & Technology.
Large Computer Lab with internet Facility
21, CIVIL LINES, KATNI (M.P.) Phone: 07622-420345, 230378 Contact: 95844 36048
nalandaschool.katni@yahoo.com nalandakatni.com

NOBLE HEART PUBLIC HIGHER SEC. SCHOOL
Affiliated by Govt. of MD Education Dept. Bhopal (MP)
ENGLISH MEDIUM
NURSERY TO CLASS XII
OUR FACILITES
Smart Classrooms
Experienced Faculty
Regular Test Series
Focus on Overall Development
Discipline & Value Education
ADMISSION OPEN Session 2026-27
Quality Education Bright Future
CLASS X RESULT 2026
Shweta Pandey 98.4% | Abha Guru 97.6% | Shivi Mishra 97.00% | Kajal Kushwah 96.00% | Anshika Gupta 95.6% | Prashant Mabobia 95.2%
Bus Facility Available
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI(MP) 7869484013, 7389678892


**चुनाव** ▶ सिंधु नौजवान मंडल के चुनाव संपन्न, लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए संजय, मंडल सदस्यों का जताया आभार

# समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और युवाओं के संर्वागीण विकास के होंगे प्रयास

**नवभारत, कटनी।** सिंधु नौजवान मंडल के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुए। बैठक के प्रारंभ में पूर्व पदाधिकारियों द्वारा पिछले कार्यकाल में संपन्न विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात मंडल का आय-व्यय विवरण सभा के समक्ष रखा गया। एक वर्ष का सफलतम कार्यकाल पूरा कर चुके अध्यक्ष संजय जीवनानी ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों और समाजजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य



में भी समाज और मंडल के सदस्यों का इसी प्रकार स्नेह, सहयोग और समर्थन मंडल परिवार को मिलता रहेगा। इसके बाद उन्होंने विधिवत अपनी कार्यकारिणी को भंग करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए नवीन चुनाव कराने की घोषणा की। जिसके बाद समाजजनों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कराए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में संजय जीवनानी ने 33 मत प्राप्त कर शानदार विजय हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राकेश चांदवानी को 14 मत प्राप्त हुए। एक मत निरस्त घोषित किया गया। इस जीत के साथ संजय जीवनानी लगातार दूसरी बार सिंधु नौजवान मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और समाजजनों में उत्साह का माहौल रहा और नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं दी गईं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय जीवनानी ने सभी मतदाताओं और मंडल के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों के संवर्धन, युवाओं के सर्वांगीण विकास, संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा, समर्पण के साथ कार्य करेंगे। चुनाव सभा की अध्यक्षता गोविंद सचदेवा ने की। वहीं चुनाव अधिकारी के रूप में त्रिलोकचंद भोजवानी, राजकुमार नानकानी, चंद्रभान रोहरा, डॉ राजकुमार नागवानी, राजकुमार रोहरा, राकेश जादवानी ने निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से चुनाव प्रक्रिया का सफल संचालन किया।